
CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:10 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:00 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 90 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 25 सितम्बर 2026

अभिनेता मुश्ताक खान का...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज, आयोग की टीम आएगी जल्द

**देहरादून।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। जल्द ही केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम यहां दौरा करेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सभी जिलाधिकारियों संग बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने चुनाव आयोग की गाइडलाइंस के तहत चरणबद्ध तैयारियां करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर मतदान केंद्र के भवन की स्थिति, बिजली, पेयजल, एवं अन्य जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने आयोग की ओर से निर्धारित तिथियों के अनुसार सभी डीईओ, आरओ एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### नैनीताल में अस्पताल गेट के सामने टैक्सियों का जमावड़ा, मरीज परेशान

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित बीडी पांडे अस्पताल के मुखय गेट के सामने सड़क किनारे टैक्सी वाहनों की पार्किंग से यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई है। बीरवार को अस्पताल के गेट के सामने टैक्सियां खड़ी होने के कारण एंबुलेंस से मरीज को उतारने तक के लिए जगह नहीं बची। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने मरीज को एंबुलेंस से उतारा। इस दौरान अस्पताल के पीआरडी जवान वाहन हटाने का प्रयास करते रहेए लेकिन टैक्सी चालकों ने वाहन नहीं हटाए। मौके पर पुलिस भी नहीं पहुंची। बता दें बीडी पांडे अस्पताल के मुखय गेट के समीप की सड़क भी अब टैक्सी वाहनों की पार्किंग का अड्डा बन गई है इससे मरीजों और तीमारदारों के साथ ही पैदल राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। टैक्सी चालक बीडी पांडे अस्पताल के मुख्य गेट से लेकर स्वास्थ्य निदेशक कुमाऊं के कार्यालय के गेट तक सड़क किनारे वाहन पार्क कर रहे हैं।

## अमित शाह बोले- योगी सरकार ने माफिया को समाप्त किया, यूपी निवेश का केंद्र बना

लखनऊ

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के चौथे संस्करण का आगाज हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह ट्रेड शो 25 से 29 सितंबर तक चलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी ट्रेड शो के शुभारंभ पर कहा कि 90 से अधिक देशों से मेहमान यहां आए हैं। साझेदार देशों का ट्रेड शो में स्वागत है। यूपी को दुनिया के बाजार से जोड़ना है। यूपी मैन्युफैक्चरिंग का हब बन रहा है। उत्तर प्रदेश तेजी से



आगे बढ़ रहा है। चौथे संस्करण में इसके वैश्विक आकर्षण को दिखा रहा है। उत्तर प्रदेश में जब भाजपा की सरकार बनी तो एक जिला और एक उत्पाद को पहचान मिली। जो अपनी जड़ों से जुड़कर कदम से कदम मिलाकर चलता है उसे दुनिया में जगह मिलती है। यूपी के उद्यमियों को दुनिया से जोड़ना है। यूपी के कारीगरों पर दुनिया को भरोसा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, एक जमाने में उत्तर प्रदेश में माफियों का शासन चलता था। 2017 में यहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी योगी आदित्यनाथ जी इसके सीएम बने और आज यूपी में माफियों को समाप्त करने का काम भाजपा की योगी सरकार ने किया है। इसी कारण यहां पर निवेश का माहौल बना है। निवेश की प्राथमिक शर्त है कि कानून व्यवस्था अच्छी हो, दूसरो- इसके लिए अनुकूल औद्योगिक नीति बने, तीसरे-सक्रिय सरकार हो और चौथा-मदद करने का उत्साह हो। आज ये चारों चीज उत्तर प्रदेश में मौजूद है इसलिए यहां पर निवेश का माहौल बना है। अमित शाह ने कहा, %हर क्षेत्र में युवाओं को मौका मिल रहा है। यूपी में 7 शहर में मेट्रो का संचालन हो रहा है। एक जिला एक उत्पाद को हम लेकर आए। पहले यहां के लोग दूसरे राज्यों में जाते थे। भदोही की दरी, मुरादाबाद का पीतल हो या बनारस की साड़ी। सबने पहचाना बनाई है। उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ेगा। ऐसी शुभकामनाएं देता हूं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, उत्तर प्रदेश में पहेल माफिया होते थे। योगी आदित्यनाथ सरकार ने माफिया को खत्म कर दिया है। उत्तर प्रदेश आज भय मुक्त प्रदेश बन चुका है। दुनिया भर से खरीददार ट्रेड शो में मौजूद हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी ट्रेड शो के शुभारंभ पर कहा कि 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय जी का आज 110वीं जयंती हैं।

जंतर-मंतर 2.0 समेत राष्ट्रव्यापी आंदोलन की दी चेतावनी

## एसआईआर विवाद: देशभर में कांग्रेस का ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

नई दिल्ली

एजेंसी

एसआईआर को लेकर चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस ने शुक्रवार को देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन किया। चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लखनऊ, कोलकाता और देहरादून में कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए बैनर दिखाए।



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस ने शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन किया। दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लखनऊ, कोलकाता और देहरादून समेत कई जगहों पर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। दिल्ली में भी चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई और कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भी कांग्रेस विधायकों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक निजामुद्दीन भट, इरफान हाफिज लोन और इफ्तिखार अहमद ने प्रदर्शन किया। उन्होंने वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ और निष्पक्ष चुनाव के बिना लोकतंत्र नहीं जैसे नारे लिखे बैनर दिखाए। प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के भीतर कथित मतभेदों से जुड़ी एक रिपोर्ट है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार एसआईआर से जुड़े कुछ फैसलों और आदेशों पर आपत्ति दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, आपत्तियों में वैधानिक मतदाता पंजीकरण फॉर्म 6 में बदलाव, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया तथा मतदाता सूची के डेटाबेस पर केंद्रीकृत नियंत्रण से जुड़े मुद्दे शामिल थे।

हालांकि, चुनाव आयोग ने इस पर बयान जारी कर कहा था कि किसी संस्थान में विचार-विमर्श के दौरान अलग-अलग राय और टिप्पणियां होना सामान्य प्रक्रिया है। आयोग ने कहा था कि उसके सभी आदेशों को पूरा कानूनी समर्थन प्राप्त है और वे निर्धारित वैधानिक प्रक्रियाओं के तहत जारी किए गए हैं। चुनाव आयोग ने यह भी कहा था कि केवल तीनों चुनाव आयुक्त ही नहीं, बल्कि आयोग का हर अधिकारी चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए अपने सुझाव देने के लिए अधिकृत है।

## जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, मताधिकार छीनने का लगाया आरोप

नई दिल्ली

एजेंसी

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राजीव गांधी के 1988 के उस फैसले का उल्लेख किया, जिसके तहत मतदान की न्यूनतम उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई थी। रमेश ने आरोप लगाया कि युवाओं और खासकर जेन जी के नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल होने से रोका जा रहा है।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के उस फैसले का जिक्र किया, जिसके तहत 1988 में मतदान की न्यूनतम उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई थी। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि एक प्रधानमंत्री ने युवाओं को मतदान का अधिकार दिया, जबकि दूसरा जेन जी से यह अधिकार हथियाने की कोशिश कर रहा है।

जयराम रमेश ने कहा, यह दो प्रधानमंत्रियों की कहानी है। दिसंबर 1988 में राजीव गांधी सरकार ने संसद के नियमित शीतकालीन सत्र में संविधान के अनुच्छेद 326 में संशोधन कर मतदान की न्यूनतम उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की थी। उन्होंने इसे युवाओं को सशक्त बनाने वाला कदम बताया। कांग्रेस सांसद ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 2024 से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) को रोक दिया गया है, जिससे जेन जी के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा, एक प्रधानमंत्री ने जेन जी को वोट दिया, जबकि दूसरा इसे छीनने के लिए गलत तरीकों का इस्तेमाल करने पर तुला हुआ है। कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि जेन जी को मतदाता सूची से बाहर रखने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग भी की थी। विपक्षी पार्टी ने यह भी कहा था कि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को उसके अनुसार साजिश के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। जयराम रमेश ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री यह सुनिश्चित करने पर जोर दे रहे हैं कि जेन जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज न हों। उन्होंने दावा किया कि युवाओं में सरकार के प्रति असंतोष को देखते हुए चुनाव आयोग के प्रमुख के जरिए उन्हें मतदाता सूची से दूर रखने की कोशिश की जा रही है।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ के नाम से बना फर्जी फेसबुक अकाउंट

देहरादून

हमारे संवाददाता



सोशल मीडिया पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी की पहचान का दुरुपयोग कर साइबर ठगी की कोशिश सामने आई है। फर्जी प्रोफाइल से लोगों से संपर्क कर व्हाट्सएप नंबर मांगे जा रहे हैं और खरीद-बिक्री से जुड़े संदेश भी भेजे जा रहे हैं।

उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा के नाम और तस्वीर का दुरुपयोग कर अज्ञात साइबर ठगों ने फर्जी फेसबुक अकाउंट बना दिया। इस फर्जी प्रोफाइल के जरिए लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट और संदेश भेजकर व्हाट्सएप नंबर मांगे जा रहे हैं, साथ ही सामान की खरीद-बिक्री से जुड़े संदिग्ध मैसेज भी प्रसारित किए जा रहे हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए फणींद्रनाथ शर्मा ने सोशल मीडिया पर सार्वजनिक चेतावनी जारी की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस फर्जी अकाउंट से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं, मित्रों और आमजन से ऐसे किसी भी संदेश का जवाब न देने, व्यक्तिगत जानकारी व व्हाट्सएप नंबर साझा न करने तथा किसी भी तरह के लेन-देन से बचने की अपील की है। साथ ही, उक्त फर्जी अकाउंट को तुरंत रिपोर्ट और ब्लॉक करने का आग्रह किया है।

### साइबर ठगों ने बुजुर्ग के खाते पर बोला धावा

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने एक बार फिर बुजुर्ग को निशाना बनाकर बैंक खाते पर हाथ साफ कर दिया। लामाचौड़ निवासी सीनियर सिटीजन के खाते से साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी कर लाखों रुपये निकाल लिए। खाते से रकम गायब होने का पता चलने पर पीड़ित के होश उड़ गए। मामले में मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवपुर कुरिया, लामाचौड़ निवासी जीवन सिंह कुरिया पुत्र उमेद सिंह कुरिया का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की लामाचौड़ शाखा में बचत खाता है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 सितंबर को साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी कर उनके खाते से करीब 2.63 लाख रुपये की रकम निकाल ली।

## उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में करवट लेगा मौसम

देहरादून

हमारे संवाददाता

सितंबर के आखिरी दिनों में उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। पर्वतीय इलाकों में बारिश और तेज हवाओं का दौर रहने के साथ ही प्रदेश से मानसून की विदाई का समय भी नजदीक आ गया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में शुक्रवार को मौसम बदल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों में बिजली चमकने और गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। केंद्र ने नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत, ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, पौड़ी और चमोली जिले के कुछ इलाकों में बिजली चमकने के साथ गर्जन के साथ हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा इन जिलों के कुछ इलाकों में



40 किलोमीट प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ तेज दौर की बारिश का अनुमान है। इसके अलावा आने वाले दिनों में भी मौसम विज्ञान केंद्र ने पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, उत्तराखंड से मानसून की विदाई की बात करें तो 26 से 30 सितंबर के बीच उत्तराखंड से मानसून विदा हो सकता है। बरसात के बाद अब बर्फबारी का दौर शुरू होने लगा है। बीते बुधवार को बदरीनाथ से सतोपंथ जाने वाले मार्ग पर इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई। यहां पहुंचे पर्यटक बर्फबारी देखकर उत्साहित नजर आए। बुधवार अपराह्न अचानक मौसम बदलने के बाद सतोपंथ मार्ग पर स्थित चक्रतीर्थ में बर्फबारी हुई है। इससे सतोपंथ मार्ग सहित आसपास की चोटियों की प्राकृतिक सुंदरता और भी निखर गई है। इससे क्षेत्र में ठंड भी बढ़ गई है। चक्रतीर्थ में पर्यटकों के कई टैंट लगे हुए हैं।

# उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रतियोगी विजेताओं को किया पुरस्कृत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी द्वारा बताया कि प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष व हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी के निर्देशानुपालन में उत्तराखण्ड की लोक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक एकता के प्रतीक मां नंदा देवी महोत्सव के अवसर पर 16 से 23 सितंबरए तक नैनीताल में जनहित में उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक समर्पित स्टॉल के माध्यम से कानूनी जागरूकता, मुफत चिकित्सा, कौशल विकास और कल्याणकारी शिविरों की एक श्रृंखला आयोजित की गई।

माँ नंदादेवी महोत्सव के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के सहयोग से तैनात पैनल अधिवक्ताओं और पी0एलवी0 की टीमों ने आमजन के अधिकारों एवं उनकी समस्याओं के संबन्ध में मुफत कानूनी सलाह और जानकारी प्रदान की तथा राज्य प्राधिकरण के काउंसलर के माध्यम से भी आमजन को सलाह दी गई। लगभग00 3200 सरल कानूनी पुस्तकों का वितरण किया गया साथ ही टोल फ्री कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 और 1800-180-40000 के बारे में जानकारी दी गई।उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल ने जिला उद्योग केंद्र नैनीताल की टीम के सहयोग से दो दिवसीय नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 व 18 सितंबर तक किया गया जिसमें स्थानीय महिलाओं, युवाओं एवं स्वरोजगार में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को बुनियादी सिलाई तकनीक, कपड़े की कटाई, सिलाई हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया जिससे 56 व्यक्तियों को रोजगार, उन्मुख कौशल का लाभ मिला। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए नैनीताल द्वारा आयोजित कराई गई निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रोजेकट प्रतियोगिता के विजेताओं तथा मुखयालय नैनीताल में अपनेअपने विद्यालयों मेंहाईस्कूल एवं इण्टरमीडियेट परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किये जाने एवं जरूरतमंदों और दिव्यांगों को विभिन्न उपकरण प्रदान करने हेतु स्टाल के सामने बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल, समाज कल्याण विभाग एवं हाईकोर्ट शाखा, भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से किया गया। शिविर में हाईकोर्ट के मुखय न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, हाईकोर्ट के न्यायाधीशगण न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित न्यायमूर्ति आलोक माहरा, न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय एवं न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह द्वारा निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रोजेकट प्रतियोगिता के विजेताओं तथा नैनीताल में अपने.अपने विद्यालयों में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडियेट परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त 13 दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर,117 दिव्यांग जनों को सीट वाली वॉकिंग स्टिक और 77 लोगों को नी ब्रेस प्रदान किये गये, 11 वॉकर तथा 75 व्यक्तियों को डिजिटल हियरिंग एड, बैसाखी, सैक्रल बेल्ट और दूसरे सहायक उपकरण प्रदान किये गयेए जबकि 5 महिलाओं को मुखयमंत्री महालक्ष्मी किट भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के महानिबंधक योगेश कुमार गुप्ता व अन्य निबंधकगण भी उपस्थिति रहे।





कार्यकम का संचालन सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने किया।कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक कियान्वयन में प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी हर्ष यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल की सचिव श्रीमती पारूल थपलियाल के अतिरिक्त उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के स्टाफ का भी योगदान रहा।



# नैनीताल में मेला खत्म होने के बाद भी रौनक बरकरार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में आयोजित मां नंदा देवी महोत्सव का धार्मिक आयोजन नंदा.सुनंदा के डोला विसर्जन के साथ बुधवार को संपन्न हो गया लेकिन मेला परिसर में गुरुवार को भी रौनक बनी रही।

महोत्सव के अंतिम दिन के बाद भी मेला परिसर में लगी दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटक और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोग विभिन्न दुकानों पर खरीदारी करते नजर आए। मेले में कपड़े, चादर, कंबल, कालीन, बर्तन तथा घरेलू उपयोग का सामानए सजावटी सामग्री समेत विभिन्न प्रकार की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई रही। लोगों ने अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार सामान की खरीदारी की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया कि मेला परिसर में दुकानदारों को गुरुवार रात 10 बजे तक दुकानें लगाने और सामान बेचने का समय दिया गया है। इसके लिए पालिका की ओर से मुनादी भी की है 10 बजे बाद पालिका की ओर से दुकानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# दक्षिणी कुमाऊं वृत्त वन विभाग के अतुल भगत बने अध्यक्ष

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल । वन विभाग के दक्षिणी कुमाऊँ अंतर्गत समस्त प्रभागों व वृत का बीरवार को अधिवेशन कराया गया, जिसमें वृत्त अध्यक्ष अतुल भगत, मंत्री दीपक बिष्ट, उपाध्यक्ष प्रकाश आर्य, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति व कोषाध्यक्ष ललित बोरा को बनाया गया।

इसके अलावा भूमि वन संरक्षण वन प्रभाग में अध्यक्ष नंदा प्रसाद, उपाध्यक्ष जगदीश पांडे, मंत्री अरविन्द कुमार और कोषाध्यक्ष मनीष पांडे को बनाया गया वहीं नैनीताल वन प्रभाग में अध्यक्ष चंद्र शेखर पलडि?ा, उपाध्यक्ष नवल किशोर, मंत्री नितिन पांडे व कोषाध्यक्ष नरेश भट्ट को बनाया गया।

चुनाव समिति में चंद्र शेखर जोशी अध्यक्ष सहायक वन बीट अधिकारी संघ व ललित मोहन पांडे मुखय प्रशासनिक अधिकारी थे। कार्यक्रम का संचालन नंदा प्रसाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी साथियों के सहयोग से शांतिपूर्ण रूप पूर्ण किया गया, सभी साथियों से तहे दिल से हार्दिक अभिनंदन किया।



## NEWS / फटाफट

### एक अक्टूबर को लगेगी मासिक डाक अदालत

नैनीताल । डाक विभाग की ओर से ग्राहकों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एक अक्तूबर को मासिक डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डाक अदालत का आयोजन प्रवर अधीक्षक डाकघर नैनीताल मंडल के कार्यालय में सुबह 11 बजे किया जाएगा। प्रवर अधीक्षक डाकघर नैनीताल मंडल की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार डाक विभाग से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए उपभोक्ता डाक अदालत में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### हाईकोर्ट ने दिए हरिद्वार के डीएम को प्रत्यावेदन सौंपने के निर्देश

नैनीताल । हाईकोर्ट ने मुजफ रनगर के बाढ प्रभावित परिवारों के मामले में द्वार जिलाधिकारी को प्रत्यावेदन सौंपने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति आलोक महरा की पीठ में राम बहादुर और अन्य की ओर दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई।कोर्ट ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता तीन सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन देते हैं तो जिलाधिकारी को कानून के अनुसार नौ माह के भीतर निर्णय लेना होगा।

### हाईकोर्ट ने दिए मतगणना जल्द शुरु करने के निर्देश

नैनीताल । हाईकोर्ट ने नगरपालिका किच्छा और सिरौली कलां नगर पालिका में हुए चुनाव की मतगणना नहीं करने को लेकर राज्य चुनाव आयोग और सरकार के आदेश को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति अलोक महरा की खंडपीठ ने राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग के मतगणना न करने समबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए कहा है कि जब चुनाव हो गया है तो अब मतगणना पर क्यों रोक लगाई गयी है इसलिए मतगणना शीघ्र प्रारंभ की जाय।

### हाईकोर्ट ने डीएम हरिद्वार को दी 8 हफ्ते की मोहलत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने पड़ोसी की छत पर प्रस्तावित मोबाइल टावर से स्वास्थ्य संबंधी खतरों को लेकर दायर एक याचिका का निपटारा कर दिया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए हरिद्वार के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि वे इस संबंध में याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन पर 8 सप्ताह के भीतर उचित निर्णय लें। मामला हरिद्वार जिले का है जहां याचिकाकर्ता पूरन चंद्र पांडे व अन्य ने अपने पड़ोसी की छत पर लगने वाले मोबाइल टावर के कारण स्वास्थ्य पर पडने वाले हानिकारक प्रभावों की आशंका जताते हुए अदालत का रुख किया था।

### हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता मुनव्वर हसन को दी राहत

नैनीताल । हाईकोर्ट ने हरिद्वार जिले के पथरी थाने में दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता मुनव्वर हसन व अन्य को बड़ी राहत दी है। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई की तिथि तक याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी बशर्ते वह जांच में पूरा सहयोग करें।

### उपनल कर्मियों का मामला, अंतिम सुनवाई अब 7 अकटूबर को

नैनीताल । हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्षो से लगे उपनल संविदा कर्मचारियों को आदेश होने के बाद भी सरकार द्वारा नियमित नही करने और उन्हें चयनित वेतनमान नही दिये जाने तथा उनको दिए गए वेतन से जीएसटी आदि काटे जाने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। बता दें वीरबार को हुई सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उनके हक में सरकार के द्वारा अभी तक कोई निर्णय न लेते हुए कहा है कि कोर्ट अगली तिथि को इस मामले पर अंतिम सुनवाई करेगी, इस मामले में कोर्ट ने सात अकटूबर की तिथि नियत की है। आज मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके नियमतिकरण के लिए सरकार को नियमावली में संसोधन करना पड़ेगा इसलिए उन्हें समय दिया जाय जिसपर कोर्ट ने सखत रुख अपनाते हुए कहा कि पूर्व के आदेशों पर आज तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया जो अपने आप में अवमानना है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अस्पताल के बाहर बाइक पर हाथ साफ, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर खड़ी बाइक पर ही चोर ने हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, लेकिन इसके बावजूद चोर पुलिस की पकड़ से बाहर है। उधर, पुलिस लगातार शहर को अपराधमुक्त रखने के दावे करती रही है, जबकि जमीनी तस्वीर में चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई हैं।

मामला मुखानी थाना क्षेत्र के एक अस्पताल का है। ग्राम झूतिया, रामगढ़ निवासी शुभम साह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी जयश्री तिवारी अस्पताल में कार्यरत हैं। 17 सितंबर को उन्होंने बाइक संख्या अस्पताल के मेन गेट के बाहर खड़ी की थी। रात में मौका पाकर अज्ञात चोर बाइक लेकर फरार हो गया बाइक चोरी की पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज सामने आने के बाद पुलिस के सामने अब चोर तक पहुंचने और बाइक बरामद करने की चुनौती है। पीड़ित के मुताबिक वाहन उनकी पत्नी ममता साह के नाम पर पंजीकृत है। तहरीर मिलने के बाद मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और चोरी गई बाइक की तलाश में जुटी है। अस्पताल जैसे सार्वजनिक स्थान के बाहर से बाइक चोरी होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि सीसीटीवी में कैद हुई वारदात पुलिस को चोर तक पहुंचाती है या चोरी की यह बाइक भी शहर में लगातार सामने आ रही वारदातों की फेहरिस्त में जुड़कर रह जाती है।

# ज्योलीकोट में जल जनित बीमारी को लेकर बढ़ा रोष

नैनीताल । नैनीताल जिले के ज्योलीकोट क्षेत्र में जल जनित बीमारी से अब तक तीन लोगों की मौत के बाद लोगों में भय का माहौल है। ज्योलीकोट के साथ बेलुवाखान, चोपड़ा, बल्दियाखान, कूण और ताकुला क्षेत्र में भी पीलिया और बुखार के मरीज सामने आने से ग्रामीण चिंतित हैं।

क्षेत्र पंचायत सदस्य हिमांशु पांडे ने कहा कि बीमारी केवल ज्योलीकोट तक सीमित नहीं है बल्कि आसपास के गांवों में भी लोग पीलिया की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से गांव.गांव जाकर पीलिया के मरीजों को चिह्नित करने और उनकी लगातार निगरानी करने की मांग की। उनका कहना है कि प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार समय पर उपचार मुहैया कराया जाना जरूरी है। दूसरी ओर बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एमएस दुग्ताल ने बताया कि अब तक ज्योलीकोट क्षेत्र के पीलिया से पीड़ित 47 मरीज अस्पताल में भर्ती किए जा चुके हैं।

# अभिमत

## भ्रष्टाचार की जड़ें

*इमारत के साथ माता-पिता का भविष्य ध्वस्त हो गया। सवाल यह उठता है कि हादसे रोकने के लिए कदम उठाये जायेंगे? ऐसा नहीं होगा, बस कुछ दिनों घटना सुर्खियों में रहेगी, जनप्रतिनिधियों ने दौरा करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। जख्मों पर मुआवजे का मलहम लगाया जाता है। सच यह है कि जब तक इमारतें भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी होती रहेंगी और भ्रष्टाचार की जड़ों को भ्रष्ट नौकरशाही तथा नेता सींचते रहेंगे, तब तक भवन धराशायी होते रहेंगे।*

दुर्घटनाओं को पूरी तरह रोकना असंभव है, लेकिन सतर्कता जरूर बरतनी चाहिए। भ्रष्टाचार के कारण लोगों की जान से खेलने को दुर्घटना नहीं माना जा सकता है। दिल्ली में पीजी की बहुमंजिला इमारत के धराशायी हो जाने को हादसा नहीं कहा जा सकता। यह सरासर भ्रष्टाचार का सच्चा सुबूत है। पीजी में रहने वाले छात्रों की हृदयविदारक मृत्यु से अभिभावकों को पहुंची पीड़ा की कल्पना करना असंभव है। इमारत के साथ माता-पिता का भविष्य ध्वस्त हो गया। सवाल यह उठता है कि हादसे रोकने के लिए कदम उठाये जायेंगे? ऐसा नहीं होगा, बस कुछ दिनों घटना सुर्खियों में रहेगी, जनप्रतिनिधियों ने दौरा करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। जख्मों पर मुआवजे का मलहम लगाया जाता है। सच यह है कि जब तक इमारतें भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी होती रहेंगी और भ्रष्टाचार की जड़ों को भ्रष्ट नौकरशाही तथा नेता सींचते रहेंगे, तब तक भवन धराशायी होते रहेंगे। अगर पूर्व में हुए हादसों से सबक लिया जाता तो यह घटना नहीं होती। कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से छात्रों की जान चली गई थी। अग्निकांड की घटनाएं हो चुकी हैं। सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी कुछ दिन तक जांच की मुस्तैदी दिखाते हैं और उसके बाद अगले हादसे का इंतजार करने के लिए गहरी नींद में सो जाते हैं। पीजी और हॉस्टेल में रहना छात्रों की मजबूरी है। किराया वसूलने के लिए राजधानी दिल्ली ही नहीं, देशभर के छोटे शहरों में भी अनगिनत भवन हैं। ऐसी इमारतों के मालिकों को किराये से मतलब है। अग्नि सुरक्षा अथवा जर्जर भवन की मरम्मत से कोई लेना-देना नहीं है। कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा के प्रबंध नहीं हैं। किसी शहर में हादसा हो जाने पर अन्य शहरों और कस्बों में भी सरकारी अमला हरकत में आ जाता है। जांच के नाम पर दिखाये से ज्यादा कुछ भी नहीं होता है। सरकार और नौकरशाही यदि लापरवाह भवन स्वामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे तो अन्य लोगों को भी सबक मिले। इस मामले में यह कहना कटु सत्य होगा कि पीजी, हॉस्टेल, कोचिंग सेंटर, मॉल, निजी अस्पताल आदि के स्वामियों को लापरवाह ठहराना एकतरफा सोच है, असली दोषी तो संबंधित सरकारी विभाग हैं। निर्माण के दौरान भवनों में सुरक्षा के मानकों का पालन कराने की जिम्मेदारी विभिन्न विभागों की है। दो कमरों का छोटा सा घर बनाने वाले को नक्शा स्वीकृत कराने के लिए विभागों के चक्कर लगाने के साथ रिश्वत देनी पड़ती है। बहुमंजिला इमारतें भ्रष्टाचार की बदौलत खड़ी हो जाती हैं।

# प्रो. रीतेश बने कुमाऊं विवि नैनीताल के कुलसचिव

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के आचार्य प्रो. रीतेश साह को कुमाऊं विश्वविद्यालय का कुलसचिव नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन, शैक्षणिक नेतृत्व, शोध एवं संस्थागत विकास के क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए उनकी नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बता दें प्रो. रीतेश साह इतिहास में पीएचडी तथा मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए की उपाधि प्राप्त की है। वे समकालीन इतिहास, पर्यावरणीय इतिहास तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के इतिहास के क्षेत्र में सक्रिय शोधकर्ता हैं। प्रो. साह को रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से दो राष्ट्रीय स्तर के सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद् तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा समर्थित पांच प्रमुख शोध परियोजनाओं का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के संस्थापक सदस्यों में शामिल प्रो. साह ने शिक्षक प्रशिक्षण, अकादमिक गुणवत्ता, संवर्धन एवं संस्थागत क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्वविद्यालय प्रशासन में प्रो. साह ने विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। वे विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी, आंतरिक गुणवत्ता, आश्वासन प्रकोष्ठ के अपर निदेशक, कयूईयूईएसटी पत्रिका के संपादक, छात्र कल्याण के सहायक अधिष्ठाता, मिशन कर्मयोगी के नोडल अधिकारी, छात्र कलब के अध्यक्ष तथा विश्वविद्यालय प्रकाशनों के मुखय संपादक के रूप में कार्य कर चुके हैं। प्रो. साह की सक्रियता विश्वविद्यालय प्रशासन तक सीमित नहीं रही है वे जिला पौधारोपण समिति, जिला वनाग्नि समिति तथा उत्तराखंड वन विभाग की तकनीकी वानिकी समिति से भी जुड़े रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक सहभागिता से संबंधित कार्यों में योगदान देते रहे हैं शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्र में प्रो. साह का योगदान व्यापक है। उन्होंने 6 पुस्तकों, एक मोनोग्राफ तथा पचास से अधिक शोध पत्रों का लेखन किया है। प्रो. रीतेश साह के कुलसचिव पद पर नियुक्त होने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रो. संजय पंत, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. दिव्या यू. जोशी, प्रो. गीता तिवारी,प्रो. हरिप्रिया पाठक, प्रो. महेंद्र राणा, डॉ. गगनदीप होठी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. जिबू साबू, डॉ. नंदन सिंह, डॉ शिवांगी चनियाल, डॉ. मनोज सिंह बिष्ट, डॉ. कुबेर गिनती, डॉ. मोहित रौतेला, डॉ. दीपक मेलकानी, डॉ. पूरन अधिकारी, सहायक कुलसचिव राकेश विश्वकर्मा, बृजमोहन फ र्सवान, नंदाबल्लभ पालीवाल, डा. मोहित सनवाल, भूपाल सिंह करायत, डा.लक्ष्मण सिंह रौतेला, विपिन कुमार, अभिराम पंत सहित अनेक शिक्षकों एवं अधिकारियों ने प्रो. साह को नई जिममेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



## पुलिस ने ट्रक से बैटरी चोरी करते दो चोरों को दबोचा, बैटरी बरामद,कोर्ट में पेश

रुद्रपुर। थाना दिनेशपुर पुलिस ने ट्रक से बैटरी चोरी करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बैटरी भी बरामद की। चोर गिरोह बनाकर वाहनों से बैटरी चोरी करते थे। पुलिस ने कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसएसपी के निर्देश पर जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई को पुलिस का अभियान चल रहा।

इसी अभियान के तहत थानाध्यक्ष दिनेशपुर के नेतृत्व में क्षेत्र में थाना पुलिस की टीम चैकिंग कर रही। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम चितरंजनपुर में ट्रकों से बैटरी चोरी करने वाले हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम जीवन सिंह धामी पुत्र तुला सिंह, संजय सिंह पुत्र जागन सिंह निवासी मदनापुर दिनेशपुर बताया। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने दोनों के पास से ट्रक से चोरी की बैटरी बरामद की। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि ट्रकों से बैटरी चोरी करने का गिरोह है और मौका देख ट्रकों से बैटरी चोरी करते हैं।

## नैनीताल व बेतालघाट में छात्र संघ चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार बृहस्पतिवार को प्रत्याशियों की ओर से विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र खरीदे गए। चुनाव अधिकारी प्रो. मनोज कुमार आर्या ने बताया प्रमुख पदों में अध्यक्ष पद के लिए तीन, सचिव पद के लिए एक और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के लिए दो नामांकन पत्र खरीदे गए। छात्र उपाध्यक्ष पद के लिए एक और छात्राओं के लिए आरक्षित पदों में छात्रा उपाध्यक्ष के लिए तीन, संयुक्त सचिव छात्राओं के लिए आरक्षित के लिए तीन और कोषाध्यक्ष पद छात्राओं के लिए आरक्षित के लिए तीन फॉर्म खरीदे गए हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक सचिव पद के लिए एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई। संकाय प्रतिनिधियों में कला से एक, विज्ञान से दो, वाणिज्य, विधि और प्रबंधन अध्ययन से 1-1 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में प्रो.ललित तिवारी, प्रो.आर सी जोशी, प्रो.नीलू लोधियाल, डा.आशीष तिवारी समेत अन्य गुरुजन व कर्मी जुटे रहे। दूसरी ओर शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार मौर्य ने संभावित प्रत्याशियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। छात्र संघ प्रभारी डॉ. तरुण कुमार आर्य ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु छाया पन्त तथा नीमा उपाध्यक्ष (छात्रा) पद हेतु संगीता आर्या तथा पायल ने सचिव पद हेतु रितिका गोस्वामी ने तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु दीपिका तथा विशाखा बुधोड़ी ने और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु बबीता करगेती तथा सचिन जोशी ने नामांकन प्रपत्र क्रय किए। उपाध्यक्ष (छात्र), संयुक्त सचिव, संकाय प्रतिनिधि तथा सांस्कृतिक सचिव पद हेतु किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन प्रपत्र क्रय नहीं किया।

## ट्रेन में लगाई दोस्ती, कमरे तक पहुंच ले उड़ा मोबाइल और नगदी

नैनीताल । कैंची धाम घूमने के लिए आ रहे यूपी के पर्यटकों को एक युवक बड़ी चपत लगाकर फरार हो गया। ट्रेन से आ रहे चारों पर्यटकों से युवक ने दोस्ती की और नैनीताल उनके कमरे तक पहुंच गया। रात में युवक चारों का मोबाइल, नगदी और चांदी की चेन लेकर सभी को कमरे में बंद कर फरार हो गया। पर्यटकों ने तल्लीताल थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

हसनपुरी शामली (उत्तर प्रदेश) निवासी शिवम कुमार अपने दोस्त मुकुल सैनी, चंकी कुमार और चेतन कुमार के साथ घूमने के लिए ट्रेन से कैंची धाम आ रहे थे। मुरादाबाद क्षेत्र में एक अन्य युवक ट्रेन में सवार हुआ। आपसी बातचीत में खुद का नाम दीपक बताते हुए युवक ने भी दर्शन के लिए कैंची धाम जाने की बात कही। सफर के दौरान पर्यटकों और युवक के बीच दोस्ती हो गई। काठगोदाम में ट्रेन से उतरने के बाद पांचो नैनीताल आ गए। जहां सभी ने एक कमरा किराए पर लिया और सुबह कैंची धाम जाने का मन बनाया।

# फिल्मी दुनिया

## अभिनेता मुश्ताक खान का निधन, सितारों ने जताई संवेदना





*गदर और वेलकम जैसी फिल्मों में अपने किरदार से लोकप्रियता बटोरने वाले अभिनेता मुश्ताक खान नहीं रहे। कल 24 सितंबर को उनका निधन हो गया। अभिनेता के निधन पर फिल्म जगत की कई चर्चित हस्तियों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है।*

*अभिनेता मुश्ताक खान का कल गुरुवार को निधन हो गया। मुश्ताक खान के करीबी दोस्त और कॉमेडियन सुनील पाल ने उनके निधन की पुष्टि की। मुश्ताक खान लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। उनका मुंबई के नानावती अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। मुश्ताक खान के निधन के बाद कई सितारों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है और सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किए हैं। मुश्ताक खान के निधन पर राजपाल यादव ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा किया है। उन्होंने अभिनेता से अपनी आखिरी मुलाकात का जिक्र किया है, जो उनके निधन से कुछ घंटे पहले ही की थी। राजपाल ने लिखा है, %मैं आज दोपहर में मुश्ताक भाई से मिलने गया था। उनसे बातें कीं, उन्होंने मुझे देखा, मुझसे हाथ भी मिलाया और हमारी सारी बातें वह सुन रहे थे। रिएक्ट भी कर रहे थे। मुझे तो अभी भी यकीन नहीं हो रहा की दो घंटे पहले मैं जिनसे मिला, जिनसे हाथ मिलाया, वो अब हमारे बीच नहीं है। ऊ*

### खूबसूरत यादें बनीं

*अभिनेता अनुपम खेर ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट से वीडियो साझा किया है और मुश्ताक खान को श्रद्धांजलि दी है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, मुश्ताक खान साहब के साथ काम करते हुए बहुत खूबसूरत यादें बनीं। उनके जाने की खबर सुनकर वे सारे दिन फिर आंखों के सामने आ गए। उनके बेटे मोहसिन और पूरे परिवार के साथ मेरी दिल से संवेदनाएं हैं।*

## कुविवि अंतरमहाविद्यालयी क्रॉस कंट्री में डीएसबी नैनीताल बना चैंपियन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जिले के पीएनजी पीजी कॉलेज रामनगर में आयोजित कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालयी क्रॉस कंट्री (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन 21 सितंबर को किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के महिला वर्ग में डीएसबी कैंपस नैनीताल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया तथा उपविजेता एमबीपीजी कालेज हल्द्वानी रही। बता दें डीएसबी कैंपस नैनीताल की विजेता टीम के खिलाड़ियों में बीना बसेरा, मीनाक्षी फर्त्याल, प्राची, मोनिका, ज्योति, बबीता, मनीषा, भूमिका, गरिमा नेगी, पूर्णिमा अधिकारी व रेनू बिष्ट शामिल रही। खिलाड़ियों को मिली कामयाबी पर परिसर निदेशक प्रो. संजय पंत समेत प्रो. रजनीश पाण्डेय, प्रो. ललित तिवारी, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार समेत डॉ. गगनदीप, डॉ. अशोक कुमार, अपूर्व बिष्ट एवं अनिता रावत सहित अन्य गुरुजनों एवं कर्मचारियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## News कॉर्नर

### मंदिर जाने निकली मां, दो बच्चों संग लापता

हल्द्वानी। मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकली एक महिला अपने दो मासूम बच्चों समेत अचानक लापता हो गई। कई दिन बीतने के बाद भी तीनों का कोई सुराग नहीं मिलने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है। रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर तलाश के बावजूद जब कोई जानकारी नहीं मिली तो परिवार ने मुखानी पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला और दोनों बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। गोविन्दपुर गढ़वाल, नैनीताल निवासी विनोद दुबड़िया पुत्र दीवान सिंह ने मुखानी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी दीपा (32) अपनी बेटी नव्या (9) और बेटे रियांश (6) के साथ 21 सितंबर की सुबह करीब सात बजे मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकली थीं।

# पटवाडांगर में छठे बॉयोटेकनोलॉजी कॉन्कलेव का हुआ शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती पटवाडांगर में बीरवार को छठे बॉयोटेकनोलॉजी कॉनकलेव एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। बता दें तीन दिवसीय आयोजन में देश.विदेश के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, किसानों और उद्यमियों ने जैवप्रौद्योगिकी अनुसंधान, कृषि और उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुखय अतिथि गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसके कश्यप ने कहा कि विज्ञान में नवाचार समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण है। बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अनाज उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक और जैवप्रौद्योगिकी




का उपयोग आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय अतिथि रूस के स्टेट वेटनरी विश्वविद्यालयए सेंट पीटर्सबर्ग के वाइस रेटर डॉ. गेरासिमो सर्जी ने दोनों देशों के संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम निदेशक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि कॉनकलेव का उद्देश्य शोधार्थियों, वैज्ञानिकोंए किसानों और उद्यमियों को एक साझा मंच मुहैया कराना है। आयोजन में अंतरराष्ट्रीय समेलन, उद्यमिता विकास कार्यक्रम, वैज्ञानिक.किसान संगोष्ठी और प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। ऐरीज नैनीताल के निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने उन्नत फसल एवं पशु प्रजातियों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने तथा जलवायु आधारित कृषि को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन लोहनी ने कहा कि प्रयोगशालाओं में होने वाले शोध का लाभ किसानों और समाज तक पहुंचना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. केएमएल पाठक ने बद्री गाय को अपनाने की अपील की। पहले दिन चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. कंचन कार्की, डॉ. मणिन्द्र मोहन और डॉ. सुमित पुरोहित ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

# एक ओर सीएम का दौरा, दूसरी ओर छात्रसंघ का रण

**एमबीपीजी में आज नामांकन, सड़कों पर दिखेगा सियासी जोश, खाकी के सामने भीड़, जुलूस और कानून-व्यवस्था संभालने की दोहरी चुनौती**

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में आज सत्ता का काफिला भी होगा और छात्र राजनीति का शक्ति प्रदर्शन भी। एक ओर मुख्यमंत्री का हल्द्वानी आगमन पुलिस-प्रशासन की परीक्षा लेगा, तो दूसरी ओर एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के नामांकन के दौरान उमड़ने वाली भीड़ और छात्र संगठनों के शक्ति प्रदर्शन ने खाकी के सामने दूसरी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। नामांकन के बहाने कॉलेज परिसर से लेकर आसपास की सड़कों तक सियासी गर्मी बढ़ने के आसार हैं।

कुमाऊं के सबसे बड़े महाविद्यालयों में शामिल एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए आज नामांकन प्रक्रिया होगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के दावेदार मैदान में उतरेंगे। एबीवीपी, एनएसयूआई समेत अन्य छात्र संगठनों के समर्थकों के जुटने से कॉलेज के आसपास माहौल गरमाने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा का खाका तैयार किया है।

व्यवस्था को लेकर नैनीताल पुलिस ने कमर कस ली है। एसएसपी नैनीताल



डॉ. मंजूनाथ टीसी खुद एमबीपीजी कॉलेज पहुंचे और मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों और थाना-चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्र राजनीति के नाम पर कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस ने अवांछित और उपद्रवी तत्वों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं। नामांकन के दौरान जुलूस, नारेबाजी या शक्ति प्रदर्शन की आड़ में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का फोकस कॉलेज परिसर के साथ ही आसपास के प्रमुख मार्गों और भीड़ वाले स्थानों पर रहेगा।

मुख्यमंत्री के आगमन के चलते शहर में पहले से ही सुरक्षा और यातायात व्यवस्था चुनौतीपूर्ण रहने वाली है। इसी बीच एमबीपीजी में छात्रसंघ नामांकन के दौरान छात्र संगठनों की सक्रियता पुलिस के लिए दूसरी बड़ी परीक्षा बन गई है। अब निगाह इस बात पर है कि सियासत के दो मोर्चों के बीच खाकी शहर की कानून-व्यवस्था को किस तरह संभालती है।

# केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिला सूचना अधिकारी गोविन्द सिंह बिष्ट ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के



तहत जिला सूचना विभाग द्वारा जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में सूचना विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दल माँ नैना सांस्कृतिक एवं जन कल्याण सेवा समिति,राना प्रताप थारू जनजाति विकास समिति, पंखु ?ी थारू सांस्कृतिक समिति, खटीमा स्वयं सिद्धा विकास खंड सोसायटी,राणा थारू जनजाति सांस्कृतिक उत्थान समिति, देवभूमि थारू जनजाति सांस्कृतिक विकास समिति, जनजाति थारू कला एवं उत्थान समिति, थारू कला निपुण जनजाति सांस्कृतिक समिति,व्याख्या जन जागृति संस्कृति संगीत एवं नाट्य समिति, वन्या थारू उत्थान समिति, जय भूमसेन होलिका उत्थान समिति, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप थारू सांस्कृतिक उत्थान समिति, परिवर्तन सेवा समिति, रतनपुर थारू हंस सांस्कृतिक जन कल्याण सेवा समिति एवं नई रोशनी थारू समाज कल्याण समिति द्वारा जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में गीत-नाट्य प्रस्तुतियों, नुक्कड़ नाटकों एवं प्रचार साहित्य के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि सांस्कृतिक दलों के कलाकारों द्वारा लोकगीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं उद्देश्यों के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि लोक कला एवं गीत-नाट्य के माध्यम से दी जाने वाली जानकारी ग्रामीणों तक प्रभावी ढंग से पहुंचती है, इसी को ध्यान में रखते हुए सूचना विभाग द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक दलों के माध्यम से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# रुद्रपुर,कांग्रेस ने संजय नगर खेड़ा में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया,नारेबाजी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा नगर पालिका चुनाव के दौरान कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ के साथ हुई हाथापाई और उन्हें थप्पड़ मारने की घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संजय नगर खेड़ा में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए घटना पर आक्रोश जताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान एक निर्वाचित विधायक के साथ इस तरह की घटना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन किसी जनप्रतिनिधि के साथ मारपीट या अभद्रता को स्वीकार नहीं किया जा सकता। आरोप लगाया कि भाजपा शासन में सत्ता से जुड़े लोग बेलगाम हो रहे हैं और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध जारी रखेगी।

बता दें कि किच्छा में मतदान के बाद नई मंडी स्थित स्ट्रांग रूम परिसर में विधायक तिलकराज बेहड़ और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के समर्थक आमने-सामने आ गए थे। विवाद के दौरान बेहड़ को थप्पड़ मारने का आरोप लगा था। मामले में पुलिस ने आरोपी धीरज कुमार को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शन के दौरान संजय ठुकराल, विकास मल्लिक, वार्ड अध्यक्ष रणजीत तिवारी, आसित बाला,तपन विश्वास, मानिक, जय तरफदार, जगदीश दास, अभिमन्यु साना, परिमल विश्वास, साधन मजूमदार, सुधांशु शील, बलाई विश्वास, डॉ. आदित्य राय, संजय आइस, सौरभ मिस्त्री, प्रहलाद, हरिदास, गणेश, गोविंद स्वर्णकार, रवि बाला, बीरू विश्वास, उमा सरकार, बेबी सिकदर, हरीश, आनंद, दर्पण, दीपक, राहुल, ललित, हेमंत, सौरभ सक्सेना, महेश, सूर्य प्रताप, मुकेश, शिवेंद्र, मोहित, धनराज, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।



## घर से निकली 17 वर्षीय किशोरी लापता, मचा हड़कंप

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर से किशोरी के अचानक लापता होने से परिजनों में चिंता गहरा गई है। मंगलवार सुबह घर से बिना बताए निकली किशोरी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों से लेकर परिचितों तक खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

# खण्ड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता विधिवत संपन्न

धारी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड संस्कृत संस्थान हरिद्वार तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित खण्ड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता नैनीताल जनपद के धारी ब्लॉक का राजकीय इण्टर कॉलेज कसियालेख में विधिवत संपन हो गया है।

कार्यक्रम में मुखय अतिथि प्रवीण शर्मा प्रबंधक टेरी अध्यक्ष देवेन्द सिंह बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर, प्रधानाचार्य पुष्कर सिंग, एस एम सी अध्यक्ष दीपक मेहता आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आये प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। नृत्यप्रतियोगिता वरिष्ठ वर्ग में इंटर कालेज कसियालेख ने प्रथम स्थान तथा इण्टर कॉलेज धानाचूली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कनिष्ठ वर्ग नृत्य में प्रथम स्थान जीजीआईसी भटेलिया द्वितीय पदमपुरीए तृतीय आगर इंटर कॉलेज पोखराड समूह गान कनिष्ठ वर्ग में शिशु मंदिर कसियालेख प्रथमए जाडापानी द्वितीयए तथा कसियालेख ने तृतीय स्थान प्राप्त कियाए श्लोकोच्चारण में कसियालेख प्रथमए शिशु मन्दिर द्वितीय तथा पोखराड स्थान पर तृतीय रहे। वाद विवाद में प्रथम पहाड़ पानी तथा कसियालेख द्वितीय स्थान प्राप्त कियाए आशु भाषण में प्रथम कु0 भावना कसियालेख बिष्ट प्रथमए योगिता आर्या शिशु मन्दिर गंगवाचौड़ द्वितीयए जितिन बिष्ट जाडा पानी तृतीय रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री पूरन प्रकाश आर्या तथा खण्ड संयोजक डॉ शक्ति प्रसाद ठनियाल ने संयुक्त रूप से किया।

# मेयो कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में शेरवुड कॉलेज का परचम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अजमेर में आयोजित प्रसिद्ध मेयो कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में शेरवुड कालेज का परचम लहराया और गुरुवार को ट्रॉफी अपने नाम कर एक और कीर्तिमान अपने नाम किया।

प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने बताया कि यह टूर्नामेंट देश के पबलिक स्कूलों में खास पहचान रखता है। शेरवुड कालेज ने वर्ष 1983 में इस टूर्नामेंट में भाग लेकर ट्राफी जीती थी। उसके बाद इस वर्ष यह ट्राफी जीतकर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है। रोमांचक मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए शेरवुड कॉलेज ने फाइनल में वाइनबर्ग एलन स्कूल मसूरी को 1-0 से हराकर ट्रॉफी पर कबजा जमा लिया। इससे पहले सेमीफ इनल मुकाबला शेरवुड




व सिंधिया स्कूल एग्वालियर के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले में शेरवुड की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर सिंधिया को 3-2 के अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता में देश की चुनिंदा 10 टीमों ने प्रतिभाग किया था। सभी मुकाबले रोमांचक देखने को मिले। शेरवुड कॉलेज को फाइनल में पहुंचने के लिए चार मुकाबले खेले। जिनमें मेयो कॉलेज, सिंधिया स्कूल, मेयो राइजिंगए बीके बिरला और मयूर स्कूल की टीमें शामिल थी और सभी टीमों को परास्त कर अंत में फाइनल मुकाबला जीतकत ट्रॉफी अपने नाम कर ली। उन्होंने कहा कि यह बड़ी कामयाबी है। इससे पूर्व इस वर्ष क्विजए शेरवुड फुटबॉल ट्रॉफी और एंटरप्रिन्योर ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। जिसे लेकर विद्यालय में बेहद खुशी का माहौल है।